राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

**विकसित भारत संकल्प सम्मेलन" आयोजित**

**विकसित भारत के संकल्प हेतु मिलकर कार्य करे**

**राष्ट्र प्रथम की सोच रखते सब कार्य करें - राज्यपाल**

जयपुर, 14 अप्रैल। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने विकसित भारत के संकल्प के लिए सबको मिलकर कार्य करने का आह्वान किया है। श्री बागडे ने कहा कि विकसित भारत के अंतर्गत भारत को सभी क्षेत्रों में अग्रणी करने के लिए सुनियोजित सोच के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने देश में निरंतर हो रहे विकास की चर्चा करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विकास करने के साथ हर घर में स्वच्छ जल, बिजली की प्रभावी आपूर्ति सुनिश्चित करने और सभी को आवास और मूलभूत सुविधाएं प्रभावी रूप में उपलब्ध करा सकें, इसके लिए होलेस्टिक एप्रोच से कार्य हो।

राज्यपाल श्री बागडे सोमवार को विकसित भारत संकल्प संस्थान  द्वारा आयोजित "विकसित भारत" सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने  "राष्ट्र प्रथम" की सोच के साथ काम करने पर जोर दिया।  उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को दिए जाने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पंथ प्रधान श्री नरेंद्र मोदी जी ने कुछ समय पहले देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था। इसका उद्देश्य यही रहा है कि जनकल्याण से जुड़ी जितनी भी योजनाएं हैं वह लोगों को सुगम रूप में उपलब्ध हो सके। उन्होंने प्राकृतिक खेती, सहकारिता से राष्ट्र विकास के लिए कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास" से 'विकसित भारत' के संकल्प की सोच को साकार करने पर जोर दिया।

-----

**दक्षिणी पश्चिमी कमांड का स्थापना दिवस समारोह आयोजित**

**हमारे देश के सैनिक त्याग और समर्पण के प्रतीक - राज्यपाल**

जयपुर, 14 अप्रैल। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को दक्षिणी पश्चिमी कमांड के 21 वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान इस कमांड द्वारा किए जा रहे देश की सुरक्षा के लिए सेन्य कार्यों की सराहना की तथा कहा कि सीमाओं पर सैनिक माँ भारती के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करते हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि भारतीय सेना सात कमांडों में विभाजित है। उत्तरी, पश्चिमी, दक्षिणी, पूर्वी, मध्य, दक्षिण पश्चिमी और सेना प्रशिक्षण कमान। सभी कमांड की विशिष्ट ज़िम्मेदारियाँ और संचालन क्षेत्र हैं। इसीलिए भारत की इस सेना कमांड को सप्त शक्ति कमांड कहा जाता है। उन्होंने कहा कि सेना के कमांडों अपने लिए नहीं देश के लिए लड़ते हैं। सैनिक हमारे देश की सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं हैं, वे त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं।

आरम्भ में राज्यपाल श्री बागडे द्वारा माँ भारती के लिए बलिदान हुए सैनिको को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

-------












मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी लोग मनुष्य कहते हैं : स्वामी विवेकानंद
विकसित भारत संकल्प संस्थान
उद्घाटन सत्र
विकसित भारत संकल्प सम्मेलन
14 अप्रैल 2025, बिड़ला सभागार, जयपुर (राजस्थान)
विकसित भारत संकल्प सम्मेलन


विकसित
भारत संकल्प